SWETA DUBEY
ASST.PROFESSOR,
GSCW B.Ed., PEDAGOGY OF SCHOOL SUBJECT ECONOMICS,SEM-2, PAPER-VII A UNIT-I
TOPIC- SPECIFICE OBJECTIVES OF ECONOMICS SUBJECT
PART-III

Scanned with CamScanner

व्यवहारगत उद्देश्य लिखते समय ध्यान में रखने योग्य बिन्दु -

1. उद्देश्य लिखते समय ध्यान रहे कि शिक्षकों के कक्षाकक्ष व्यवहार को नहीं लिखना है । छात्रों के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों की दृष्टि से लिखना है । जैसे-

- शिक्षक छात्रों को जनसंख्या शिक्षा का अर्थ बतायेगा - (X)
- छात्र जनसंख्या शिक्षा का अर्थ बता सकेंगे - ( )

Scanned with CamScanner

2. शिक्षण उद्देश्य अधिगम प्रक्रिया के रूप में न लिखकर उपलब्धि प्रक्रिया के परिणामस्वरूप प्राप्त उत्पाद की दृष्टि से लिखा जाना चाहिए । इसके लिए ज्ञान प्राप्त कराता है (Gains) ग्रहण करता है (Acquires) चिन्तन विकसित करता है

(Develops) आदि शब्द अधिगम प्रक्रिया के द्योतक हैं । इन्हें उद्देश्यों में प्रयुक्त नहीं किया जाना चाहिए । वरन इनके स्थान पर इन प्रयासों से छात्रों में होने वाली उपलब्धि अर्थात् व्यवहार परिवर्तन को लिखे, जैसे -

- छात्र जनसंख्या शिक्षा अर्थ ग्रहण करेगा/कर सकेगा - (X)
- छात्र जनसंख्या शिक्षा का अर्थ स्पष्ट कर सकेगा - ( )

Scanned with CamScanner

3. उद्देश्य लेखन में विषय वस्तु एवं व्यवहार परिवर्तन दोनों का उल्लेख किया जाना चाहिए- दोनों में से किसी एक का उल्लेख मात्र अपर्याप्त होता है। जैसे -

- जनसंख्या शिक्षा का अर्थ - (X)

  या

- छात्र प्रत्यास्मरण कर सकेंगे। - (X)
- छात्र जनसंख्या शिक्षा के अर्थ का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे - ( )

4. एक से अधिक व्यवहारगत परिवर्तनों को एक साथ न लिखे जैसे -

- छात्र जनसंख्या शिक्षा के अर्थ का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे एवं इसके विषय क्षेत्र का वर्णन कर सकेंगे।

  प्रत्यास्मरण एवं वर्णन दो भिन्न व्यवहार हैं, अत: इन दोनों के लिए भिन्न-भिन्न उद्देश्य लिखे जायेंगे।

Scanned with CamScanner

5. एक ही प्रकार के व्यवहार परिवर्तन के लिए भिन्न-भिन्न उद्देश्य न बनाएँ, जैसे -

- छात्र मुद्रा के अर्थ/परिभाषा का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।
- छात्र मुद्रा के प्रकारों का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।
- छात्र मुद्रा के कार्यों का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे।

इसके स्थान पर इन्हें सम्मिलित रूप में लिखना भाषा की दृष्टि से उपयुक्त होता है, जैसे ?

- छात्र मुद्रा के अर्थ/परिभाषा, प्रकार एवं कार्यों का प्रत्यास्मरण कर सके

या

- छात्र प्रकरण से संबन्धित निम्नलिखित बिन्दुओं का प्रत्यास्मरण क सकेंगे।

(अ) मुद्रा का अर्थ/परिभाषा

(ब) मुद्रा के प्रकार

(स) मुद्रा के कार्य

Scanned with CamScanner

6. उद्ददेश्यों का लेखन करते हुए हम व्यवहार परिवर्तन की संभावना ही व्यक्त कर सकते हैं। व्यवहार में निश्चित रूप से यह परिवर्तन होगा एवं सभी छात्रों में होगा यह पहले से नहीं कहा जा सकता है । हाँ, शिक्षक अपना यथेष्ट प्रयास करता है, जिससे व्यवहार में अमुक परिवर्तन लाया जा सके, अत: भाषा में 'सकेगा' शब्द जोड़ना होगा, जैसे-

- छात्र मुद्रा के अर्थ का प्रत्यास्मरण करेंगे । (X)
- छात्र मुद्रा के अर्थ का प्रत्यास्मरण कर सकेंगे । ( )

Scanned with CamScanner